हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025

06 अनदेखी: ग्रामीण अंचल की सड़कों के दोनों ओर...



09 2016 के 110 कर्मचारी हटाकर पुनः कार्य पर रखे






## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 9 दिसंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### मतदान 29 को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 दिसम्बर को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

### 580 बच्चों का किया गया टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 05 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 415 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 165 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 74 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### यात्रियों को बदमाशों ने बस से उतारकर दिया था लूट की वारदात को अंजाम, एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया खुलासा

# इंदौर-भोपाल हाइवे पर कुबेरेश्वरधाम के पास 30 हजार रु. लूटकर इंदौर में छिपे थे बदमाश

दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया ताकि उनसे और भी संभावित वारदातों की जानकारी निकाली जा सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर मंडी थाना क्षेत्र में 3 दिसंबर 2025 को हुई लूट की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। भोपाल से इंदौर जा रहे अर्जुन मालवीय और उनके साथी को कुबेरेश्वरधाम के पास दो अज्ञात युवकों ने बस रोककर नीचे उतार लिया। बस को तुरंत आगे रवाना कर दिया गया, और पीड़ितों को एक निर्माणाधीन इमारत के पीछे ले जाकर बदमाशों ने मारपीट की और उनकी जेब से ₹30,000 नकद और रियलमी कंपनी का मोबाइल जबरदस्ती छीन लिया था। घटना के बाद पीड़ितों ने मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने मामले को प्राथमिकता पर लेते हुए एक विशेष टीम गठित की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर और उनकी टीम को लुटेरों की तलाश में लगा दिया गया।

तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और क्षेत्र में सक्रिय निगरानी बदमाशों की सूची को खंगालते हुए पुलिस ने तेजी से सुराग जुटाना शुरू किया। पुलिस की मेहनत उस समय रंग लाई जब मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल बदमाश इंदौर के आज़ाद नगर और खजराना क्षेत्र में देखे गए हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इंदौर में दबिश दी और दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में उन्होंने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और घटनास्थल के विश्लेषण के आधार पर दोनों को आरोपी के रूप में चिन्हित किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद मोहसिन पिता मोहम्मद शकील, निवासी खजराना, और आदिल पठान पिता युसुफ पठान, निवासी पालदा, इंदौर के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ पहले भी कई गंभीर अपराध दर्ज थे। मोहम्मद मोहसिन के खिलाफ आर्म्स एक्ट और पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के मामले दर्ज हैं, जबकि आदिल पठान भी कई मामलों में आरोपी रह चुका है। दोनों को पुलिस निगरानी बदमाश के रूप में पहले से चिन्हित कर चुकी है, जिससे उनके अपराधों का पुराना इतिहास सामने आया।

पुलिस ने आरोपियों से ₹7200 नकद, लूटा गया रियलमी मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप और एक मोटरसाइकिल जब्त की। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया ताकि उनसे और भी संभावित वारदातों की जानकारी निकाली जा सके।

पुलिस को शक है कि ये दोनों कई और घटनाओं में संलिप्त रहे हैं और उनसे आगे की पूछताछ में बड़े खुलासे होने की संभावना है। इस मामले का 48 घंटे में खुलासा मंडी पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने टीम के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी सदस्यों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि तीव्र कार्रवाई और तकनीकी जांच ने इस कठिन केस को कम समय में हल कर दिया।

## लुटेरी दुल्हन ने की 1 लाख 71 हजार की ठगी, पांच लोगों पर हुई एफआईआर दर्ज

### कपड़े के नाम पर 21 हजार, इलाज के नाम पर डेढ़ लाख ठगे

**सीहोर।** नसरुल्लागंज पुलिस थाना क्षेत्र में झूठी शादी कराकर एक युवक से बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दुल्हन, उसके कथित भाई-भाभी और दो दलालों ने मिलकर युवक से कुल 1,71000 की ठगी की। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्री कॉलोनी भैरूंदा निवासी रामबाबू गुप्ता ने 06 दिसंबर को थाना भैरूंदा में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि अपने साले सचिन गुप्ता निवासी राला की शादी के लिए उन्होंने अनवर भाई देवास और राधा उर्फ राजू बाई मीना दीदी के माध्यम से रानी नामक लडक़ी से संपर्क किया था। रानी के परिजनों ने झूठी कहानी बताई कि वह अनाथ है और श्यामपुर में अपने कथित भाई कृष्णकुमार शर्मा उर्फ मुकेश और भाभी दिव्या के साथ रहती है।

### इस तरह की ठगी

एक दिसंबर को इंदौर में आदेश्वर वैदिक संस्कार विवाद सेवा समिति में सचिन और रानी की शादी कराई गई। 21 हजार रुपए शादी के तुरंत बाद रानी के परिजनों ने कपड़े और सामान के नाम पर नकद लिए, जबकि इसके कुछ देर बाद रिश्तेदारों के एक्सीडेंट का बहाना बनाकर इलाज के लिए तत्काल 50 हजार की मांग की गई, जिसे फरियादी ने ऑनलाइन ट्रांसफर किया। रानी के राला स्थित घर आने के बाद 03 दिसंबर को रानी और उसकी




भाभी दिव्या ने दोबारा इलाज के नाम पर एक लाख की मांग की, जिसे फरियादी ने दो किस्तों में ऑनलाइन ट्रांसफर किया। इस तरह आरोपियों ने कपड़े और शुरुआती खर्चे के नाम पर 21 हजार और इलाज के बहाने 1 लाख 50 हजार धोखाधड़ी की।

### इन पर एफआईआर दर्ज

पुलिस ने फरियादी रामबाबू गुप्ता की शिकायत पर पांचों आरोपी रानी (दुल्हन), दिव्या (कथित भाभी) निवासी श्यामपुर राधा उर्फ राजू बाई मीना दीदी (महिला दलाल), कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ मुकेश (कथित भाई), अनवर भाई (बिचौलिया) निवासी बिजवाड़ कन्नौद पर मामला दर्ज किया है।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि भैरुंदा थाने में फरियादी रामबाबू गुप्ता की और से एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके साले की शादी की, जिसमें उनसे किसी न किसी बहाने 1 लाख 71 हजार रुपए लिए गए। एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# कलेक्टर के निर्देश पर निरीक्षणकर्ता कर रहे स्कूलों व छात्रावासों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार निरीक्षणकर्ता लगातार शासकीय विद्यालयों और छात्रावासों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर द्वारा जिले की 1100 से अधिक शालाओं के निरीक्षण के लिए निरीक्षणकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है, जो निर्धारित अवधि में विद्यालयों की शैक्षणिक, भौतिक एवं प्रशासनिक स्थिति का प्रत्यक्ष मूल्यांकन कर अपनी दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज भी निरीक्षण दलों ने जिले के सभी विकासखंडों के स्कूलों एवं छात्रावासों का भ्रमण कर उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, स्वच्छता, मध्याह्न भोजन, अधोसंरचना, छात्रावासीय व्यवस्थाओं सहित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का परीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षणकर्ताओं ने आवश्यक सुधारात्मक



सुझाव भी दर्ज किए, ताकि शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। निरीक्षण अभियान 8 दिसंबर तक सतत रूप से जारी है, तथा सभी निरीक्षणकर्ताओं को निर्धारित प्रपत्र के अनुसार सात दिवस में सटीक एवं तथ्यपरक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# श्रीमद भागवत कथा आयोजन के लिए शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल की बैठक आयोजित

**सीहोर।** स्वर्णकार समाज धर्मशाला में शिव शक्ति सांस्कृतिक महिला मंडल के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के सरंक्षक में समाजसेविका अरूणा सुदेश राय के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बैठक का शुभारंभ किया। सर्व सहमति से शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सदस्यों की मांग पर शिव शक्ति सांस्कृतिक महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी को चुना गया। बैठक में भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा,सेवा यादव और दीपक राठौर की विशेष उपस्थिति में आगामी 14 दिसंबर से सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित होने



वाली श्रीमद भागवत कथा और भजन सांध्या की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

नवनियुक्त महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी ने बताया कि श्रद्धालुओं को भागवताचार्य सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया के द्वारा कथा श्रवण कराई जाएगी।

कथा रोज दोपहर एक बजे से पांच बजे तक होगी। सिंधी कॉलोनी मैदान पर आगामी 21 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा के अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे। प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भजन सांध्या का आयोजन भी होगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिवानी शर्मा, सुमन वर्मा, श्यामा बाई, सुनीता सिसोदिया, बब्बी लालूवानी, पूनम गोगिया, श्रद्धा अग्रवाल, संध्या बजाज, नूतन राठौर, रचना वर्मा, रमा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव, वंदना घाबी, पुष्पा सेन, रश्मि खैरा, निर्मल सोलंकी, आशा शर्मा, निकिता राणा, मनोरमा शर्मा, रजनी उपाध्याय, प्रतिभा अम्बर, अंजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित रही।

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली भव्य परेड की सलामी

# एनसीसी कैडेट्स ने होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर सलामी परेड में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, एन.सी.सी. कैडेट्स ने डिस्ट्रिक्ट कामण्डेंट होमगार्ड सीहोर में होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह में आयोजित परैड में अनुषासन के साथ भाग लेकर जिला सेनानी के मार्गदर्शन में जिला होमगार्ड लाइन में अनुशासन के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सलामी दी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सीहोर और विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक सीहोर रहे, जिन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह की शुरुआत एक अनुशासित भव्य परेड के साथ हुई। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर अशोक पाटीदार ने किया, जबकि एएसआई सीएस चंदेरिया ने टू आईसी




के रूप में परेड का संपादन किया। सलामी के बाद मुख्य अतिथि द्वारा होमगार्ड महानिदेशक महोदय के संदेश का वाचन किया गया, जिसे सभी जवानों ने एकाग्रता से सुना। सन्देश वाचन के उपरांत आकर्षक मार्चपास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें 2 होमगार्ड प्लाटून के साथ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, एनसीसी कैडेट्स ने 1 सिविल डिफेंस महिला प्लाटून एवं 1 सिविल डिफेंस पुरुष प्लाटून के रूप में भाग लिया साथ ही ऑक्सफोर्ड स्कूल बैण्ड तथा एसडीईआरएफ वाहन परेड सम्मिलित हुए। सभी प्लाटूनों ने कदमताल मिलाते हुए मंच के सामने से गुजरकर सलामी दी। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा महाविद्यालय के सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर कैडेट्स को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 45 कैडेट्स ने परैड के उपरान्त मनोरंजक गतिविधियां रस्सा खींच एवं कुर्सी दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट डॉ. सतीश शर्मा सहयोगी एनसीसी अधिकारी के नेतृत्व में सम्मिलित हुए। एनसीसी कैडेट्स ने विगत दिनों में परेड कि रिहर्सल के बाद सिविल डिफेंस एवं जीवन रक्षा के गुर भी सीखे।

# पीपीसीए सीहोर ने शुजालपुर को हराकर जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुजालपुर में खेली गई क्रिकेट प्रतियोगिता में शहर की बीएसआई में पीपीसीए अकादमी के खिलाड़ियों ने खिताबी मुकाबले में शुजालपुर को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मैच में अकादमी की ओर से प्रतिभाशाली हरफनमौला खिलाड़ी दीपेश सेन ने 76 रन की पारी खेली, वहीं नमन ने चार विकेट हासिल किए। इस मौके पर पीपीसीए अकादमी के कोच आदर्श राय और अतुल त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अकादमी के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए टीम ने निर्धारित 50 ओवर में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 311 रन बनाए थे। इसमें हरफनमौला खिलाड़ी दीपेश सेन ने 76 रन, इशान ने 59 रन और अंश गावा ने 55 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी शुजालपुर की पूरी टीम 34 ओवर में सिमट गई। इस मैच में पीपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए नमन ने चार विकेट, केशवादित्य ने दो विकेट, दीपेश, नवनीत और अंश गावा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



## निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**सीहोर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक जिला सीहोर दीपक शुक्ला के मार्गदर्शन एवं आकाश अमलकर एसडीओपी आष्टा, ग्रीस दुबे थाना प्रभारी आष्टा, शशिकांत शर्मा ट्रैफिक प्रभारी आष्टा के सहयोग से डीबीसीपीएल (वर्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट) सीएसआर टीम द्वारा अमलाहा टोल प्लाज़ा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 150 निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला सीहोर, पुलिस बल की गरिमामयी उपस्थिति, मार्गदर्शन एवं सहयोग ने आयोजन को विशेष रूप से सफल और प्रेरणादायी बनाया। अमलाहा टोल से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के महत्व एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के बारे में पुलिस अधीक्षक ने निः शुल्क हेलमेट देते हुए जीवन महत्व समझा कर जागरूक किया।

## ग्राहक जागरुकता पखवाड़ा अंतर्गत छात्र छात्राओं को दी जानकारी



**सीहोर।** शनिवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा ग्राहक जागरूकता एवं सायबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शिव प्रसाद दलोद्रिया द्वारा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना एवं आवश्यकता तथा किए जाने वाले कार्य, अशुद्ध खाद्य पदार्थ में मिलावट की जाँच कैसे की जाए, धोखाधड़ी, सायबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिला उपभोकता आयोग की सदस्य पूजा खनूजा द्वारा ग्राहक के साथ होने वाली धोखाधड़ी व सेवा में कमी पर उपभोक्ता आयोग में कैसे प्रकरण दर्ज कराए संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया व पर्यावरण आयाम जिला सह प्रमुख एवं शिक्षा काउंसलर नीरज सिंह राजपूत द्वारा छात्र छात्राओ को 12 वी के बाद विषय चयन संबंधी कठिनाई के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में हरगोविंद गौर, अभा ग्राहक पंचायत के जिला उपाध्यक्ष मनीष राठौर, विधि आयाम जिला प्रमुख अधिवक्ता मानसिंह सेन, महिला आयाम जिला प्रमुख उमा पालीवाल वरुण गौर मौजूद रहे।

### स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर गांव को जोड़ने वाली सड़क के हाल: खेतों की बाउंड्री पहुंची सड़क तक

# अनदेखी: ग्रामीण अंचल की सड़कों के दोनों ओर बढ़ रहा अतिक्रमण, आए दिन हो रहे हादसे

हालात यह है कि सड़कों के दोनों ओर लगे खेतों की बाउंड्री सड़कों की पटरी तक पहुंच गई हैं, तो वहीं कई लोग अपने मवेशियों को खेत की मेड़ अथवा रोड की पटरी पर ही बांध रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र में गांवों को जोड़ने वाली सड़कें इस समय अतिक्रमण की चपेट में है। सड़कों के दोनों ओर लगातार बढ़ता अतिक्रमण लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। साथ ही वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। सबसे खराब हालत स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर सड़क की है। इसके दोनों ओर लगी कृषि भूमि पर बिना सीमांकन करें बॉउंड्रीवॉल को उठाकर लगभग सड़क के किनारे तक पहुंचा दिया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई बेहद कम हो गई। इससे वाहन चालकों को क्रासिंग के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं इससे हादसे भी हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क किनारे का अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों उक्त सड़क पर दो बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्षेत्र में बनी कई सड़कें वर्तमान समय में अतिक्रमण की चपेट में है। हालात यह है कि सड़कों के दोनों ओर लगे खेतों की बाउंड्री सड़कों की पटरी तक पहुंच गई है , तो वहीं कई लोग अपनी मवेशियों को खेत की मेड़ अथवा रोड की पटरी पर ही बांध रहे हैं। इसके चलते जहां लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है, वहीं वाहनों की आवाज से मवेशियों के बिदकने से हादसे का डर बना रहता है।





### गली में तब्दील हुई ब्रिजीशनगर सड़क

स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर गांव को जोड़ने वाली करीब तीन किमी लंबाई की सड़क की हालत सबसे खराब है। सड़क से लगे खेतों की बाउंड्री लोगों ने पटरियों तक डालकर उस पर अतिक्रमण कर लिया है। स्थित यह है कि अतिक्रमण के कारण उक्त सड़क की चोड़ाई वाहनों की आवाजाही के मान से बेहद कम हो गई है। मसलन सड़क महज गली में तब्दील होकर गई है। इसके अलावा रोड़ में जगह -जगह गड्ढे होने के साथ ही इसमें कई जगह कंधे मोड़ है। ऐसे में यहां अक्सर हादसे हो रहे हैं।

### झाड़ियों से पटा रोड

खेतों की बाउंड्री रोड की पटरी पर होने से रोड़ के दोनों ओर लेम्टाना, बबूल, सूबबूल आदि पेड़, पौधों की गहरी व कई फीट लंबी झाड़ियां हो रही है। ऐसे में मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते हैं, जिससे अक्सर हादसे हो रहे है। यात्री वाहन चालक महेश राठौर का कहना है कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण एवं झाड़ियों के कारण वाहनों के क्रासिंग में काफी परेशानी होती है साथ ही हादसे का डर भी बना रहता है। राहगीरों ने बताया कि सड़क की पटरी पर ही अतिक्रमण होने से वाहनों की क्रासिंग में काफी परेशानी होती है। बड़े वाहन तो निकल ही नहीं पाते है। ब्रिजीशनगर के ज्ञान सिंह राठौर, सतीश राठौर , राजेश मेवाड़ा आदि का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क पर लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। सड़क पर आवागमन आसान और सुगम बनाने के लिए प्रशासन को पटरी भरने व उसकी साफ़ सफाई करानी चाहिए । इसी प्रकार की स्थिति कुशलपुरा - नीलबड़, दीवड़िया - रामदासी , हिम्मतपुरा - आर्या, - दौलतपुर आदि सड़कों की भी है।

### सड़कों पर बढ़ता जा रहा यातायात

बीते कुछ सालों से इन सड़कों पर यातायात का दवाब लगातार बढ़ता जा रहा है। यातायात बढ़ने के साथ ही वाहनों की रेलमपेल लगातार बनी रहती है। कुल मिलाकर सड़क की चोड़ाई वाहनों के लिहाज से बेहद कम पड़ने लगी है। सड़कों की मॉनीटरिंग नहीं होने से लोगों द्वारा अपने खेतों की बाउंड्री को लगातार बढ़ाया जा रहा है। कई जगह तो लोगों ने बिल्कुल सड़क से सटाकर ही अपनी बाउंड्री कर ली है।

### अतिक्रमण हटाया जाएगा

जिन सड़कों की पटरी पर झाड़ियां है उनकी सफाई एवं पटरी भरने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा। इसके साथ ही जहां अतिक्रमण है उसको चिन्हित कर हटाया जाएगा।

**स्वाति मिश्रा, एसडीएम इछावर**

## वंशकार धानुक समाजजन ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष परमार का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले के नेतृत्व में वंशकार धानुक समाज के सैकड़ों लोग और भाजपा कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के पद ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यकर्ताओं और वंशकार धानुक समाजजनों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का स्वागत कर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष परमार को बताया कि 50 लाख से ऊपर संख्या में धानुक वंशकार बरार समाज मध्य प्रदेश में निवास करती है और पूरा समाज भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है। चुनावों में अपना मत भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करता है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य लगातार कर रहे हैं।

## हमें पढ़ाई तुलनात्मक रूप से करनी चाहिए और रटने की बजाय समझने पर ध्यान देना चाहिए : अमित सिंह



**सीहोर।** शनिवार को सीहोर स्थित रविंद्र संस्कृतिक भवन टाउन हॉल शासकीय लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेज के छात्र-छात्राओं को अर्थशास्त्र पढ़ा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें किसी भी विषय को तुलनात्मक रूप से पढ़ना चाहिए जिससे कि वह विषय हमें ज्यादा लंबे समय तक याद रहे साथ ही, यह भी बताया कि हमें रटने की बजाय समझने पर ध्यान देना चाहिए ।

इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा नेहा माहेश्वरी, शिक्षिका नीतू, कविता , शिक्षक हितिश दुबे और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। तहसीलदार अमित सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मौद्रिक नीति के साख नियंत्रण के उपकरणों जैसे की सीआरआर, एसएलआर, रेपो रेट और बैंक रेट आदि के बारे में विस्तार से समझाया और इनमें अंतर को भी स्पष्ट किया। साथ ही साथ यह भी बताया कि इन उपकरणों का दैनिक जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है और हमें इन्हें किस नजरिए से देखना चाहिए। साथ ही विगत कुछ सप्ताह से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में आयोजित साप्ताहिक टेस्ट में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा मंजू गौर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित भी किया। इस निःशुल्क कोचिंग क्लासेस को संचालित करने में सुभाष मानवता विकास समिति और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति का महत्वपूर्ण योगदान है। उल्लेखनीय है कि सीहोर प्रशासन और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस निरंतर संचालित हो रही है।

# डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



**सीहोर।** इस साल भी नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में शहर के गंज स्थित अंबेडकर पार्क में शनिवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र श्रद्धांजली उनका संघर्ष व चिंतन भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव है। एक सामूहिक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा महामंत्री रवि नागले, राजकुमार गुप्ता, लोकेन्द्र वर्मा और मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि शामिल थे। उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सामाजिक समानता और संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और देश निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि बाबा साहेब ने करोड़ों शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उन्होंने जोर दिया कि हमें उनके विचारों और संविधान की मर्यादा को सर्वोच्च मानकर समाज में भाईचारे और समानता को आगे बढ़ाना चाहिए। इस कार्यक्रम में शहर के कई सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी पहुंचकर डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिले में कई जगह डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

# सेवादल कांग्रेस ने भारत रत्न डॉ.अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर किया सत-सत नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय संविधान के निर्माता, नागरियों के मुक्तिदाता करोड़ों शोषित वंचितों गरिबों, दलित पिछड़ा वर्ग आदिवासियों के मसिहा, महान विचारक भारत रत्न बौद्धी सत्व बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सत-सत नमन कर जयभीम के गगनभेदी नारों के साथ सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा कार्यक्रम अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 के डॉ. अम्बेडकर पार्क में आयोजित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया तथा उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा डॉ.अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री गुजराती ने डॉ.अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिये उपस्थितजनों से आव्हान किया गया तथा उनके द्वारा बताये तीन नारे शिक्षित बनो संगठित बनो संघर्ष करो के रास्ते पर चलने के लिये उपस्थितजनों से आव्हान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र खंगराले द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त क्षेत्रीय पार्षद विवेक राठौर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्रीगण डॉ.अनीस खान, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, प्रीतम दयाल चौरसिया, पार्षदगण घनश्याम यादव, आरती नरेन्द्र खंगराले, मजीद अंसारी, मुकेश ठाकुर तथा समाजसेवी धर्मप्रकाश आर्य, धन्नालाल परचौले, सुनील दुबे, अरूण राय, ओमबाबा राठौर, कमलेश चाण्डक, संतोष सिंह पत्रकार, महेश कुमार पत्रकार, गंगाराम परसैया, पन्नालाल खंगराले, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, मटरु सिलावट, खुमान सिंह जाटव, जयराम जाटव, प्रेमनारायण परमार, रामचरण दसलानिया सूर्यवंशी समाज अध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य रामकिशन मालवीय, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर मालवीय, प्रवेश परिहार आदि थे।

### महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई



**सीहोर।** स्थानीय शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में महाविद्यालय प्रबंधन एवं भोलाराम तारन बांगरे प्रतिमा स्थापना समिति के सदस्यों द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रतिमा स्थापना समिति के संरक्षक रवीन्द्र बांगरे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ.अम्बेडकर विश्व के सर्वाधिक महापुरुष है, जिन्हें ज्ञान का प्रतीक कहा जाता है। आपने एक समूदाय नही बल्कि हर समाज के महिला पुरुषों के उत्थान के लिये सर्वाधिक कार्य किया। वह एक राष्ट्रवादी महापुरुष थे। इनकी विचारधारा संविधान में सुशोभित होती है। इस मौके पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ.प्रमोद शर्मा सहित स्टाफ के सदस्य, अम्बेडकरीय महिला विचारक प्रेमलता शैल, युवा कार्यकर्ता जनम सिंह परमार सहित कॉलेज की सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थीं।

# दत्तगुरु भगवान के मंदिर में टीनशेड निर्माण शिलालेख का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अवधपुरी स्थित महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा निर्मित भगवान दत्त गुरु गणपति मंदिर में नमिता अखिलेश राय और समाजसेवी अरुणा सुदेश राय ने भगवान दत्त गुरु और गौमाता की विधिवत पूजा अर्चना की और फल फूल प्रसाद अर्पित किया।

श्रीमती राय ने महाराष्ट्रीयन समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वरिष्ठ समाजसेवी दानदाता अखिलेश राय के नाम निर्मित टीनशेड निर्माण के शिलालेख का विमोचन किया। महाराष्ट्रीयन समाज के अनुरोध पर विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से टीनशेड निर्माण के लिए मंदिर हित में राशि उपलब्ध कराई है।

कार्यक्रम में महाराष्ट्रीयन समाज के द्वारा राय परिवार का सहयोग देने पर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्रीयन समाज के सुनील भालेराव सहित अन्य वरिष्ठजन और महिलाएं सम्मिलित रही।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया माटी शिल्प कला के 45 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

### माटी शिल्प के क्राफ्ट बनाकर हितग्राहियों को किया प्रोत्साहित

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जन यादव ने सीहोर स्थित प्रजापति धर्मशाला में हथकरघा विभाग द्वारा आयोजित माटी शिल्प कला के 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने स्वंय चाक मशीन पर माटी शिल्प के क्राफ्ट बनाकर तैयार किए और सभी हितग्रहियो का उत्साह वर्धन किया। उल्लेखनीय है की माटी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए इस प्रशिक्षण हेतु जिला हथकरघा कार्यालय द्वारा 27 महिला हितग्राहियो का चयन किया गया था। इस दौरान हथकरघा की सहायक संचालक आकाश गोयल और विष्णु प्रजापति सहित हितग्राही उपस्थित थे।



### आउटसोर्स और कंवेंस के पैसों में करोड़ों के घोटाले पर एमपी डब्ल्यूएलसी की चुप्पी

# सरकार को चूना लगाने वालों पर कब होगी विभागीय कार्रवाई ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

एमपी वेयरहाउस कार्पोरेशन के ब्यावरा वेयरहाउस में आउटसोर्स में बिना काम के वेतन देने का मामला हो या फिर कर्मचारियों को वेयरहाउस से दूसरे वेयरहाउस तक जाने के लिए मिलने वाले पट्रोल का मामला हो विभाग ने ऐसी चुप्पी साधी की जिला कलेक्टर की जांच में भी घोटाला प्रमाणित होने के बाद आउटसोर्स में वेतन घोटाला करने वाले अभी भी वेयरहाउस में काम कर शोभा बडा रहे है उन पर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं हुई है।

इसके बाद कन्वेंस के लिए मिलने वाले पटोल में का भी घोटाला सामने आया जिसमें कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर करके प्रबंधक व उनके सर्पोटिंग स्टॉफ ने सरकारी पैसों की बंदरबांट कर ली और काम करने वाले कर्मचारियों तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि किस तरह की अनियमितता ब्यावरा वेयरहाउस में चल रही है और विभाग चुप्पी साधे बैठा है।


वेयरहाउस कर्मचारियों से बताया - सालों से नहीं मिला वेयरहाउस जाने का कन्वेंस
कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर से निकाली गई पेट्रोल व्यय की राशि
विडम्बना: प्रबंधक द्वारा सालों से हर महीने निकाले जा रहा सरकारी पैसा


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमितता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

### जिला प्रबंधक वेयरहाउस ने जांच में दिए थे कई फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम

राजगढ जिला प्रबंधक वेयरहाउस बीडी सगर ने जिला कलेक्टर के आदेश के बाद फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों की जाचं में कई लोगों को फर्जी पाया परंतु इसके बाद भी इस मामले का आउटसोर्स कंपनी से मास्टर माइंड विभाग में उसी पद पर तैनात है ऐसे में विभाग की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रबंधक वेयरहाउस ने जांच में 12 से अधिक कर्मचारियों को पाया था अवैध रूप से वेतन पाने का दोषि फिर कार्रवाई कहां रूक रही है यह यक्ष प्रश्न है।

### एमपी वेयरहाउस रीजनल मैनेजर ने भी बनाई दूरी

ब्यावरा वेयर हाउस की मैनेजर दीप्ती सिंह एवं रीजनल मैनेजर राजेश अग्रवाल को कई बार फोन करने के बाद भी उन्होंने विभाग की कार्रवाई से अवगत नहीं करवाया। इससे संभावना प्रबल हो जाती है कि ब्यावरा वेयरहाउस के घोटालेबाज और रीजनल मैनेजर की सांठगांठ से ही करोड़ों के घोटाले संभव हो पाया है।

**इनका कहना है...**


हमने जांच टीम बनाकर भेजी थी उसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मैं आपको कुछ बता सकता हूं।

बृजेश सक्सेना,
अतिरिक्त प्रबंध संचालक भोपाल

### शिवधाम कॉलोनी में रहवासियों ने मीटरों के लिए नीचे चिपकाए

# ब्यावरा के बाद अब राजगढ़ में भी स्मार्ट मीटरों को आमजन पर थोपने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लोगों के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध राजगढ़ मुख्यालय पर भी शुरू हो चुका है। विभाग द्वारा ब्यावरा में स्मार्ट मीटरों के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद राजगढ़ की शिवधाम कॉलोनी के लोगों ने अपने-अपने घरों में मीटरों के नीचे पर्चे चिपकाए हैं। उक्त पर्चों में स्पष्टतः लिखा हुआ है कि 'बिना अनुमति लिए स्मार्ट मीटर न लगाए अन्यथा कानूनी कार्यवाही के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे'। इस तरह के पर्चे एक घर में नहीं बल्कि कईं घरों में चिपके नजर आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुराने मीटर और स्मार्ट मीटरों में कोई फर्क ही नहीं है तो जबरन उन्हें आम जनता पर क्यों थोपा जा रहा है।

### पहले अन्य जिलों में लगवाएं फिर हमारे यहां

विद्युत विभाग ने जिस दिन से जिले में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की शुरूआत की है उसी दिन से लोगों द्वारा इन मीटरों का विरोध किया जाने लगा है। आमजनों का कहना है कि प्रदेश के अन्य जिलों से स्मार्ट मीटरों के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन मीटरों में अत्यधिक रीडिंग आती है। इसी वजह से गुना, राजधानी भोपाल व अन्य जिलों में इन्हें नहीं लगाया गया है। उधर, विद्युत विभाग के अधिकारी स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के हित से जुड़ा बता रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर भी नजर आ रहा विरोध

नगर के अन्य वार्डों और मोहल्लों के लोगों द्वारा भी स्मार्ट मीटरों को लेकर सोशल मीडिया पर विरोध प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। नगरवासी इन स्मार्ट मीटरों को अपने घरों में लगाने को कतई तैयार नहीं हैं। बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग द्वारा खुजनेर नगर में भी मीटर लगवाए जाने की शुरूआत की गई थी परन्तु वहां भी विरोध होने पर मीटर लगाने की कार्यवाही रोकनी पड़ी।

### राजगढ़ के वृद्धजन करेंगें उज्जैन महाकाल लोक के दर्शन

*ब्यावरा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा शनिवार 6 दिसंबर को राजगढ़ वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को उज्जैन स्थित महाकाल लोक का दर्शन एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह पहल वृद्धजनों के लिए आध्यात्मिक आनंद और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से विशेष बस की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से वृद्धजन उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि बस को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान वृद्धजन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेंगे और महाकाल लोक कॉरिडोर की भव्यता का अवलोकन करेंगे।*

### सुदर्शन नगर में साठगांठ से घटिया निर्माण

## इंजीनियर गए छुट्टी पर, ठेकेदार ने डस्ट डालकर किया सड़क निर्माण



**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर वार्ड 16 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के चैथे चरण के तहत 64 लाख 33 हजार रुपए की लागत से बन रही सीसी सड़क भगवान भरोसे बन रही सड़क का कार्य अंतिम चरण में लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया अंततः मोहल्ले वाले ने घटिया कार्य की शिकायत एसडीएम को लिखित में की लेकिन गंभीर अनियमितताएँ नहीं थमी स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन इसे देखनेदृसुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता। नागरिकों के अनुसार सड़क में डाली जा रही गिट्टी पूरी तरह डस्ट मिश्रित है, जिससे सीसी की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा सीमेंट, रेत का उपयोग भी निर्धारित मानकों से काफी कम किया जा रहा है। तथा बालू रेत का तो उपयोग बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा। लोगों का कहना है कि जब-जब सड़क निर्माण में घटिया काम पकड़ा गया, तब नगर पालिका इंजीनियर मौके से गायब रहे या लंबे अवकाश पर चले गए, जिसका फायदा उठाकर ठेकेदार ने मनमानी करते हुए सड़क बना डाली ।

## समय से पूर्व शतप्रतिशत पूर्ण हुआ एसआईआर का कार्य

### राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर को दी बधाईयां



**ब्यावरा-राजगढ़।** जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिले के सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा का स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस अवसर पर अधिकारियों एवं समस्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होना राजगढ़ प्रशासन की प्रतिबद्धता, टीमवर्क तथा समयबद्ध कार्यशैली का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों जिनमें ब्यावरा गोविंद दुबे, खिलचीपुर अंकिता जैन, सारंगपुर रोहित बम्होरे, राजगढ़ निधि भारद्वाज ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा को पुष्प-गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और एसआईआर के सफल क्रियान्वयन में उनके मार्गदर्शन व नेतृत्व की सराहना की।

**जिला प्रभारी ने राजगढ़ जिले के 5 मंडलों के एक साथ प्रवास कर बैठक ली**

## एसआईआर को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



एसआईआर 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला राजगढ़ के अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एसआईआर के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार गुना ने राजगढ़ जिले के पांचो मंडलों के एक साथ प्रवास कर बैठके लिए इस दौरान ब्यावरा विधानसभा में मंत्री जी के कार्यालय पर विधानसभा स्तरीय बैठक का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक को प्रारंभ किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष गुर्जर जिला प्रभारी सिकरवार का स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने दुपट्टा पहन कर किया इस दौरान एस आई आर के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह सिकरवार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक का काम तो हम सपने बहुत अच्छी तरह करते किया है लेकिन अब 16 तारीख के बाद हमको हर बूत पर विशेष ध्यान देना होगा जो नाम मतदाता सूची में नए प्रशासन के दौरान आएंगे उन सभी को चिन्हित करके जो गलत नाम उसमें जुड़ गए हैं उसे हटाने का काम अब हमको करना है और समीक्षा करना है मृतक व्यक्ति के नाम डबल से तो नहीं है क्या किसी व्यक्ति के नाम डबल तो नहीं है इसका भी हमको पूरा ध्यान देना है,। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अभी तक हमारे सभी पार्टी के बीएलओ ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है।,बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी नारायण सिंह सालरिया खेड़ी ने किया आभार भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने किया इस दौरान उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव,भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण डांगी वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया जयेंद्र गुर्जर बलवंत सोंधिया कल्याण सिंह गुर्जर मंडल प्रभारी इंदर सिंह लववंशी महामंत्री हरिओम डांगी सुमित सोलंकी आदि मौजूद थे।

## विश्व गीता स्वाध्याय मंडल ने किया वार्षिक उत्सव आयोजित



**जीरापुर।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वाधान मे संचालित सांदीपनी गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव व गीता जयंती कार्यक्रम डग रोड बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुआ। जहां पर मंचासीन मुख्य अतिथि रामानुज कोट उज्जैन पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज, जटाशंकर महादेव मंदिर खारपा संत स्वामी रामाश्रय जी महाराज, स्वामी सत्यानंद त्यागी जी महाराज, नारायण प्रसाद उपाध्याय तीर्थ पुरोहित उज्जैन, स्वामी घासीराम जी महाराज अंजनीलाल मंदिर संडावता उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व भगवत गीता का पूजन अर्चन , दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता स्वाध्याय की संगीतमय प्रस्तुति देकर गीता के उपदेश सुनाए गए। संस्था द्वारा 19 वर्षों से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गीता के ज्ञान को स्वाध्याय के रुप में प्रवाहित कर जन जन तक गीता के उपदेश को पहुंचाया जा रहा है। गीता जयंती एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सुबह बाइक रैली निकली गई जो नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए डग बालाजी मंदिर पहुंची। इसमें जिला संयोजक दिनेश चंद्र नागर, कार्यक्रम आयोजक खेमचंद सोनी, मंडल के अध्यक्ष घनश्याम भिलाला, शिवनारायण मंडलोई, नरवरसिह पंवार, ललीत जोशी आदि मौजूद थे।

## रेडक्रॉस सेवा कार्यों से प्रभावित हुए, किया आर्थिक सहयोग

**नरसिंहगढ़।** नगर के वरिष्ठ अभिभाषक एवं समाजसेवी दामोदर उदावत द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर संस्था को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 5,151 की राशि का चेक भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा को सौंपा। उदावत ने इस अवसर पर कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य हमेशा मानवता की सेवा करना रहा है।



संस्था द्वारा आपदा प्रबंधन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जरूरतमंदों की सहायता, तथा आपातकालीन स्थितियों में राहत कार्य जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे लगातार प्रयास प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर सक्षम नागरिक को इन मानवीय सेवाओं में अपना योगदान देना चाहिए, ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-से-छोटा सहयोग भी किसी के लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकता है। रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने उदावत के इस योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अभिभाषक एवं समाजसेवी वर्ग का इस प्रकार आगे आना संस्था के लिए उत्साहवर्धक है। इस प्रकार की आर्थिक सहायता से संस्था को विभिन्न सेवा गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने में सहूलियत मिलती है। आगामी दिनों में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जनहित में कई नई पहल शुरू करने की योजना भी साझा की गई।

न्यायालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कई अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने श्री उदावत की इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अक्षय शर्मा सचिव सचिन सक्सेना, अभिभाषक गण मनीष शर्मा, ललित शर्मा, कैलाश यादव, संजय साहू, धर्मेंद्र गहलोत , सतीश बिहानी, सरिता जाटव सहित परिभाषित संघ के सदस्य गण उपस्थित रहे । सभी सदस्यों ने जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्तमान में किया जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की एवं भविष्य में सेवा कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प भी लिया।

## विश्व विकलांग दिवस पर खेल गतिविधियों का किया आयोजन



**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर 3 दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस पर खेल गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर पर हुआ,जिसमें विद्यालय के छात्र कृष्णा यादव पिता श्याम बाबू यादव ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान,चेयर रेस में प्रथम स्थान एवं गोला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं खुजनेर का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और पूर्व विधायक रघुनंदन जी शर्मा द्वारा सभी निर्णायक खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्र कृष्णा यादव को विद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया एवं मंगलमय बधाइयां दीं गई तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य मनोहर जायसवाल, रामप्रसाद वर्मा, कन्हैयालाल दांगी, बृजेश कुमार शर्मा, ज्योति यादव,नानका कनेश, राधेश्याम शर्मा, खेल शिक्षक इंद्रनारायण श्रीवास, ईश्वर सिंह खींची, सत्यनारायण प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## मालवा खेल महाकुंभः अंचल की प्रतिभा निखारने खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच



**ब्यावरा।** एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं प्रोत्साहन देने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ष्मालवा खेल महाकुंभष का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता सभी ब्लॉकों में 20 से 28 दिसंबर तक आयोजित होगी, जिसमें चयनित टीम जिला मुख्यालय पर 8 जनवरी से 12 जनवरी तक 4 जगहों पर आयोजित होंगी उसमें शामिल होंगी।

जिसका पंजीयन 15 दिसंबर 2025 तक होगा।अकादमी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कबड्डी, फुटबॉल वालीबॉल, बास्केटबॉल , खो खो और एथलेटिक्स 100 मी, 200 मी, 400 मी लॉन्ग जंप , हाई जंप , ज्वेलिंग थ्रो , शॉट पुट, डिस्क थ्रो के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे।यहां दो वर्ग में अंडर 14, अंडर 19 एज ग्रुप में बालक बालिका में भाग लेंगे।एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी का कहना है कि इन खेलों का मकसद राजगढ़ के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देना, स्पोर्ट्समैनशिप की भावना को मजबूत करना और युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। राजगढ़, जो पहले से ही खेल प्रतिभा का गढ़ माना जाता है, एक बार फिर इन खेल महाकुंभ के जरिए खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित करने को तैयार है।

### शासन के आदेश पर नपा परिषद भारी, 15 दिन की सूची होगी तैयार

# 2016 के 110 कर्मचारी हटाकर पुनः कार्य पर रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



नगर पालिका परिषद सारंगपुर में वर्ष 2016 के बाद से कार्यरत 110 अंशकालीन दैनिक श्रमिक कर्मचारियों को वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 28 मार्च 2000 एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र 08 अक्टूबर 2025 के निर्देशानुसार हटाया गया था। कर्मचारियों की अचानक हुई इस छटनी के विरोध में स्वच्छता शाखा के 46 कर्मचारियों सहित सफाई कर्मियों ने 28 नवंबर 2025 से काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। लगातार समझाइश और वार्ता के प्रयासों के बावजूद कोई समाधान सामने नहीं आया, जिसके चलते नगर में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। एक सप्ताह तक नगर भर में कचरा जमा होने से नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति गंभीर होती देख बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित बम्होरे, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे ने हड़ताल स्थल पर पहुंचे और सफाई कर्मियों से विस्तृत चर्चा की। लंबे संवाद के बाद 46 अंशकालीन दैनिक श्रमिकों को कार्य की निरंतरता के आधार पर पुनः काम पर रखने का निर्णय लिया गया, जिसके बाद हड़ताल समाप्त हुई और नगर में सफाई व्यवस्था बहाल होने लगी।

इसी विषय पर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी शाखा प्रभारी वास्तविक आवश्यकता के आधार पर अंशकालीन दैनिक श्रमिकों की सूची 15 दिवस में तैयार कर एसडीएम एवं सीएमओ को प्रस्तुत करेंगे। सूची की शुद्धता एवं जिम्मेदारी शाखा प्रभारियों की रहेगी और गलत नाम पाए जाने पर वेतन की वसूली भी संबंधित प्रभारी से की जाएगी। इसके साथ ही नगरपालिका में कार्यरत नियमित कर्मचारियों का तर्कसंगत कार्य विभाजन कर उनसे निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करवाने पर भी सहमति बनी। अंत में परिषद ने निर्णय लिया कि सफाई कर्मियों सहित 110 अंशकालीन कर्मचारियों की वास्तविक छंटनी के बाद तैयार प्रस्ताव अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा। अब देखना यह हैं अंशकालीन 110 कर्मचारी कितने ईमानदारी से कार्य करते हैं और कितने घर बैठकर जनता के पैसे से मजे लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### 11 दिसंबर से चूल्हा बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**देवास।** महिला स्वयं सहायता समूह संघ (म.प्र.) जिला ईकाई देवास के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन किया जाता है, लेकिन पिछले तीन महीनों से समूह संचालकों और रसोइयों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत विभाग द्वारा सितंबर 2025 से भोजन पकाने की लागत राशि एवं रसोइया बहनों का मानदेय समय पर न मिलने के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। भुगतान अटका होने से जिलेभर में कार्यरत समूह संचालक एवं रसोइया बहनों के सामने आजीविका संकट उत्पन्न हो गया है। महिला स्वयं सहायता समूह संगठन, देवास की जिला अध्यक्ष ज्योति अर्जुनदास बैरागी ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि "यदि संबंधित विभाग द्वारा 10 दिसंबर 2025 तक भुगतान की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो 11 दिसंबर से सभी समूह संचालक एवं रसोइया बहनें चूल्हा बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगी। साथ ही धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### जिले में डिजिटलाइजेशन कार्य 99.69 प्रतिशत पूर्ण

**देवास।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 99.69 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है।

### अहमदपुर वन परिक्षेत्र में तेंदुए की लगातार मूवमेंट से गांव में दहशत, वन अधिकारियों पर भड़के किसान

# सात दिन के बाद भी तेंदुए को पकड़ने में विफल रहा वन विभाग, ज्ञापन देने पहुंचे तो अधिकारी-कर्मचारी नदारद

अहमदपुर के ग्राम कोलूखेड़ी, पथरिया और पंदाअंचल में पिछले एक सप्ताह से तेंदुए की लगातार मौजूदगी से भयभीत किसानों ने शनिवार को वन विभाग के ढुलमुल रवैये के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



एक सप्ताह से अहमदपुर वन परिक्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट नजर आ रही है। जिससे कोलूखेड़ी पथरिया जेतला पनदा गांव सहित दर्जनभर गाँव के ग्रामीण डर और दहशत के साए में है। लेकिन अभी तक वन विभाग तेंदुए को पकड़ने में विफल है। जब ग्रामीणों वन विभाग के अहमदपुर कार्यालय ज्ञापन सौपने पहुंचे तो तो कार्यालय में अधिकारी ही नही मिले जिससे नाराज ग्रामीणों ने अपना विरोध जताते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। दरअसल सीहोर जिले के अहमपुर वन परिक्षेत्र में बीती एक सप्ताह से तेंदुए की मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों का सब्र का बांध तब फूट गया जब दर्जनभर गांव के ग्रामीण अहमदपुर वन विभाग के डिप्टी रेंजर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचे। लेकिन वन विभाग में कोई भी अधिकारी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग के सामने अपना विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की और वन विभाग मुरादाबाद के नारे भी लगाएं। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मुख्यालय पर कोई भी अधिकारी नहीं रहता है। हम ज्ञापन सौपने आए थे। यहां पर कोई भी अधिकारी नहीं मिला। अहमदपुर वन विभाग में अधिकारियों के नदारत होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने वन विभाग मुर्दाबाद के नारे लगा दिए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले एक सप्ताह से लगातार वन विभाग को तेंदुए की मूवमेंट के बारे में अवगत कराया जा रहा है। लेकिन वन विभाग इस को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने तेंदुओं को पकड़कर रेस्क्यू करने की मांग की है। जब ग्रामीण ज्ञापन सौंपने आए तो कोई भी अधिकारी नहीं मिले। जिससे ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया। इसके बाद ग्रामीणों ने अहमदपुर नवागत थाना प्रभारी व बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपकर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

हरिभूमि लगातार



### ग्रामीणों का आरोपः सूचना के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई, तेंदुए से बढ़ी दहशत, लोग हुए परेशान

कोलुखेड़ी निवासी किसान रूपसिंह मीणा ने कहा की में कई दिनों से खेत पर नही जा रहा हु। पथरिया गांव के पूर्व सरपंच जसमत सिंह गुर्जर ने कहा की हमे बार-बार तेंदुआ दिख रहा है कोई सुनवाई नही हो रही है। वही कोलू खेड़ी गांव के अमर सिंह मीणा का कहना है कि मुख्यालय पर अधिकारी नहीं मिलते हैं हम ज्ञापन सौपने आए थे उसके बावजूद भी यहां पर कोई अधिकारी नहीं मिला जिसके कारण हमने अपना विरोध जताया है, गड़ी वगराज गांव के रघुवीर सिंह ठाकुर का कहना है कि लगातार वन विभाग को सूचना दी जा रही है सीसीटीवी फुटेज भी दे दिया गया है हम यहां पर ज्ञापन शॉप में आए थे लेकिन कोई अधिकारी यहां नहीं मिला जिसकी वजह से हमने नवागत थाना प्रभारी अहमदपुर को ज्ञापन सोप पर तेंदुए का रेस्क्यू कार्रवाई की मांग की है।

### ग्रामीणों ने रखीं तीन प्रमुख मांगें

**जंगली जानवर का तुरंत रेस्क्यूः** लगातार दिखाई दे रहे तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए।

**कर्मचारियों की उपस्थितिः** वन विभाग के कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहते, जिससे आपात स्थिति में मदद नहीं मिल पाती। कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

**दिन में की जाए विद्युत सप्लाईः** किसानों ने मांग की है कि जंगली जानवरों के डर से वे रात में खेतों पर पानी देने नहीं जा सकते। इसलिए कृषि पंपों के लिए बिजली की सप्लाई दिन के समय की जाए।


अहमदपुर-दोराहा के जंगल में दिखा तेंदुआ, कैमरे में हुआ कैद, ग्रामीण दहशत में
नाकेदार बोले-खेत पर जाना बंद करो, रेंजर ने कहा हम तेंदुए से नहीं कह सकते भैया यहां मत घूम, कभी-कभी आ जाता है


कोलूखेड़ी के बाद अब जैतला गांव में नजर आया तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत
क्षेत्र में जंगली जानवर का मूवमेंट
हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर
जैतला गांव में गुरुवार शाम 6 बजे के करीब एक तेंदुआ देखा गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीण लखपत पटेल ने बताया कि तेंदुआ गांव के स्कूल के पास देखा गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना तत्काल अहमदपुर वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह तेंदुआ नहीं, बल्कि चिता है, जो शाम के समय दिखाई दिया है। इससे आसपास के किसानों में चिंता बढ़ गई है। गांव में जंगली जानवर की खबर फैलते से भय और डर का माहौल निर्मित हो गया है, अभी दो दिन पहले कोलूखेड़ी गांव में तेंदुआ देखा गया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था लगातार क्षेत्र में जंगली जानवर के आतंक से ग्रामीण डरे हुए हैं लगातार क्षेत्र में जंगली जानवर का मूवमेंट हो रहा है उसके बावजूद भी वन विभाग के आला अधिकारी इसे पकड़ने या इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी

### ज्ञापन में यह ग्रामीण रहे मौजूद

कोलखेड़ी पथरिया जेतला मगरदा पनदा सहित दर्जन भर गाँव के ग्रामीण मौजूद रहे,जिनमे मुख्य रूप से, अमर सिंह मीणा रघुवीर सिंह ठाकुर बाला प्रसाद मीणा रूप सिंह मीणा मुकेश मीणा जसवंत सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच पथरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजनैतिक दलों के साथ बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रहे कार्यक्रम के अंतिम चरण में घर घर जांच के दौरान पाए गए मृत, शिफ्ट, अनुपस्थित व रिपीट मतदाताओं की सूची का सत्यापन कराए जाने हेतु बीएलओ व बीएलए की बैठक के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी आष्टा के कार्यालय में किया। बैठक में सभी प्रतिनिधियों को अभी तक हुए कार्य की जानकारी देकर केंद्र वार एएसडीआर मतदाताओं की संख्या वाली सूची प्रदान की गई व उन्हें बताया गया कि अभी भी अगर कोई मतदाता सत्यापन से शेष रह गया है और वह आपकी जानकारी में उपस्थित है तो उसका सत्यापन संबंधित बीएलओ से कराया जा सकता है। बीएलओ द्वारा सत्यापित किए गए मतदाताओं की सूची बीएलए बैठक में मिलान करने के बाद भी अगर कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसे रीवेरीफाई किया जा सकता है। सभी बीएलओ को इस संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जितेंद्र सिंह ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी से धनरूपमल जैन तथा आम आदमी पार्टी से अखिलेश जैन उपस्थित हुए।

### बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जावर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जावर मंडल द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी नेताओं ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर ,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर ,नप उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, महामंत्री राजा ठाकुर, कमल सिंह, कैलाश सोलंकी, वीरेंद्र ठाकुर, कृपाल सिंह ,तेज सिंह,धर्मेंद्र ठाकुर ,दयाराम परिहार ,राजपाल सिंह, हरेंद्र विश्वकर्मा ,तेज सिंह भाटी ,सूरज सिंह पटेल, बाबूलाल जाटव, मुकेश मकोडिया, आशिक भाई ,संजय मालवीय ,देवकरण पढ़ुंदिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमलाहा में वाहन चालकों को किया जागरूक, हेलमेट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को यातायात अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अमलाहा टोल पर डीबीसीपीएल कंपनी के सहयोग से सुरक्षा की दृष्टि से 150 हेलमेट वितरण और चौकी अमलाहा का निरीक्षण किया गया। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश-व्यापी यातायात सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अमलाहा टोल पर पहुंचकर यातायात जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही, जिन वाहन चालकों के पास हेलमेट उपलब्ध नहीं थे और आर्थिक रूप से असमर्थ थे, उन्हें निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। लोगों को हेलमेट और सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन तथा नशे में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने चौकी अमलाहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकी परिसर में वृक्षारोपण के निर्देश दिए गए। साथ ही, अमलाहा चौकी अंतर्गत हाईवे पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ब्लाइंड स्पॉट की पहचान कर उन्हें सुधारने, हाईवे किनारे हो रहे अवैध अतिक्रमण हटाने, तथा मार्ग पर उचित संकेतक चिन्ह एवं लाइटिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम में टोल मैनेजर वीरेंद्र सिंह चौधरी, नीरज निगम, उमाशंकर पांडे राजीव निगम, एसडीओपी आकाश अमलकर, थाना प्रभारी आष्टा गिरीश दुबे, चौकी प्रभारी अमलाहा प्रेम सिंह ठाकुर एवं यातायात प्रभारी शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत और सम्मान



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व भारतीय बेलदार जन जागरण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरीश कौशल के द्वारा अपने साथियों के साथ स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरोजी, उज्जैन नगर निगम महापौर मुकेश डडवाल का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर शरण वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष, मोहन मालवीय पूर्व जनपद सदस्य, शंकर जायसवाल, लक्ष्मी नारायण शाक्य, अनोखीलाल सूर्यवंशी, मुकेश मालवीय, प्रमोद कौशल भारतीय बेलदार जन जागरण नोनिया महासभा जिला अध्यक्ष सीहोर ने मिलकर सभी वरिष्ठों का स्वागत व सम्मान किया।

### ब्लॉक कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर अम्बेडकर परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा साहब को याद करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि बाबा साहब की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वह भारतीय संविधान के निर्माता और एक महान सामाजिक सुधारक थे। महापरिनिर्वाण दिवस दिन उनके जीवन और कार्यों को याद करने और उनके आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उनके द्वारा दिए गए संविधान के कारण ही हर वर्ग को समानता का अधिकार मिला है। कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, सुनील कटारा, घनश्याम जांगड़ा, सन्नवर खान, नरेंद्र कुशवाह, डॉ हरि मेवाड़ा,डॉ एजाज खान, प्रेम पटरिया, अखलेश राजपूत, देवेंद्र मेवाड़ा, तेज सिंह ठाकुर, कमल सिंह बड़लिया आदि कांग्रेस मौजूद रहे।

### छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**कोठरी।** शनिवार को भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन ने आष्टा ब्लॉक कोठरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका कीर्ति शाक्य ने छात्राओं के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर छात्र नेता अंशु ठाकुर प्रदेश सह सचिव एनएसयुआई के नेतृत्व में पालक के साथ स्कूल प्राचार्य को विकासखंड शिक्षा अधिकारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा और मांग रखी कि तत्काल शिक्षिका पर कठोर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में संगठन से दीपक गोस्वामी, दिगराज ठाकुर, जोगेंद्र ठाकुर, हेमंत पंवार ,लकी कोठरी आदि उपस्थित रहे।

### विधायक, नपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने किया कार्यक्रम के दौरान निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# खेड़ापति, मुक्तिधाम और मुखर्जी मैदान पर लगेगी एलईडी लाईट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका परिषद द्वारा आज नगर के प्रमुख चार स्थानों पर हाई मास्ट लाईट एवं फ्लड लाईट स्थापना कार्य का भूमिपूजन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की विशेष उपस्थिति में पूर्ण विधि-विधान से संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम के पूर्व में अतिथियों द्वारा खेड़ापति सरकार एवं भगवान शनि देव की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात् हाईमास्ट एवं फ्लड लाईट स्थापन कार्य का भूमिपूजन हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगरपालिका द्वारा मंदिर परिसर की सुंदरता एवं श्रद्धालुओं को समुचित प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में जो हाई मास्ट लाईट लगवाई जा रही है वह सराहनीय कार्य है। नगर विकास में हम सभी परिषद के साथ है जहां भी जिस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी हम पूरी तरह सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेड़ापति मंदिर परिसर में प्रकाश व्यवस्था की दृष्टि से हाई मास्ट लाईट की स्थापना की जाएगी, वहीं खिलाड़ियों की सुविधा के लिए कन्नौद रोड़ स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर दो फ्लड लाईट लगाई जानी है। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में एक हाई मास्ट लाईट के स्थापन कार्य नगरपालिका द्वारा किया जाएगा। नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा ने यह भी बताया कि उक्त सभी लाईट लगभग 13 लाख 52 हजार रूपये की लागत से लगेगी जो 16 मीटर लंबाई की होगी। उक्त हाई मास्टों पर 10-10 लाईट का समूह रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि नगरपालिका द्वारा अपनी कार्ययोजनाओं के अनुसार नगर में विकास कार्यो के साथ-साथ धार्मिक स्थलों की सुंदरता व संरक्षण की दृष्टि से कार्य कराए जा रहे है। ज्ञात रहे कि कमल खेड़ापति तालाब के संरक्षण व सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके तहत तालाब की पाल पर व्यवस्थित रैलिंग कार्य किया जा रहा है, वहीं संकरे रोड़ को चौड़ा कर नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर रात्रि में नगर के अनेक युवक-युवतियां पुलिस, सेना सहित अन्य गतिविधियों की तैयारी करते है तथा इस मैदान पर विभिन्न आयोजन भव्य रूप से आयोजित होते है ऐसे में यहां प्रकाश का होना आवश्यक है।

इसी के चलते परिषद ने यहां 2 फ्लड लाईट लगाने का निर्णय लिया था जो आज पूर्ण हुआ। इस अवसर पर पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षदगण तेजसिंह राठौर, सुभाष नामदेव, रवि शर्मा, तेजपाल कल्लू मुकाती, उपयंत्री पी.के. साहू, पूर्व नपाउपाध्यक्ष धनरूपमल जैन, नगर महामंत्री मोहित सोनी, विष्णु परमार, कैलाश सोनी पांचम, मनोज ताम्रकार, सुरेशचंद्र जैन, राजेश घेंघट, तारीक मेहमूद, प्रवेश शर्मा, राजेश ठाकुर, महेश गिरी गोस्वामी, जितेन्द्र बुदासा, मनीष गिरी गोस्वामी, फारूख खां सहित नपा अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# भीमराव अंबेडकर का परिनिर्माण दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविदास जांगड़ा समाज ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शनिवार को रविदास जांगड़ा समाज द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्माण दिवस अंबेडकर भवन आष्टा पर मनाया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कैलाश बगाना, जीवन धनवाल, जितेंद्र खैलवाल, कैलाश बामनिया, हेमराज मुलगी, जीवन ठेकेदार, जगदीश ठेकेदार, शंकर लाल ठेकेदार, जगदीश दामड़िया, गोरीलाल मैकेनिक, धूल सिंह जाटव व समाजजन उपस्थित थे।